**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 50 /16/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2026/14-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 01 अगस्त, 2026

## शुद्धि-पत्र

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के **विज्ञापन संख्या-14-परीक्षा/2026, लेखा परीक्षक एवं सहायक लेखाकार मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/15, दिनांक 03-06-2026** के अंतर्गत **विभिन्न विभागों के अधीन** कुल **रिक्त 1937 पदों** पर चयन हेतु **दिनांक 14-07-2026** से आवेदन की कार्यवाही प्रचलित है। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत **ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 03-08-2026 तथा शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 10-08-2026** निर्धारित है।

**विज्ञापन संख्या-14-परीक्षा/2026, लेखा परीक्षक एवं सहायक लेखाकार मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/15** के बिन्दु संख्या-04 में यह उल्लिखित है कि विज्ञापित रिक्तियों की कुल व श्रेणीवार संख्या घट/बढ़ सकती है। तदनुक्रम में पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त निम्नलिखित सारणी में उल्लिखित विभाग के नियंत्रणाधीन **रिक्त 20 पदों** को भी उक्त विज्ञापन के अंतर्गत सम्मिलित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अब संशोधित **कुल रिक्त 1957 पदों** पर चयन की कार्यवाही की जायेगी।

**प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभागवार सम्मिलित किये जा रहे पदों की संख्या व उनके सापेक्ष लम्बवत आरक्षण का विवरण-**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैण्ड/ ग्रेड-पे | अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षणवार विवरण | | | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S) | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 1 | उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ | सहायक लेखाकार | वेतन (न्यूनतम): 5200, वेतनमान (अधिकतम):20200, वेतनबैंड: 1, ग्रेड-पे: 2800 | 08 | 04 | 00 | 06 | 02 | 20 | स्थायी |

## प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभागवार सम्मिलित किये जा रहे पदों की संख्या व उनके सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण का विवरण

| क्षैतिज आरक्षण का विवरण | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां | | | | | सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक | महिला | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
| | | | | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तता | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तता, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थता | (ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तता, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तता के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD) | | | |
| 1 | उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ | सहायक लेखाकार | 00 | -- | -- | -- | -- | -- | 01 | 04 | 00 |

### अर्हता-

| क्रसं. | विभाग का नाम | पदनाम | अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक) एवं अधिमानी अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ | सहायक लेखाकार | **अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक)-** उत्तर प्रदेश जल निगम (लेखा कार्मिक) सेवा विनियमावली-2020 यथासंशोधित के भाग-4 के विनियम-10(1) के अनुसार उ0प्र0 जल निगम के सीधी भर्ती के सहायक लेखाकार के पद पर न्यूनतम शैक्षिक अर्हता निम्नानुसार होगीः-<br>**i.भारत वर्ष में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से कामर्स में स्नातक की उपाधि अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्था से एकाउन्टेसी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।**<br>**ii.सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से कम्प्यूटर संचालन में "ओ" लेवल डिप्लोमा।** |

### आयु –

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | आयु की गणना की निर्णायक तिथि/ आयु की उच्च सीमा व निम्न सीमा में शिथिलता (यदि है) |
|---|---|---|---|
| 1 | **उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ** | **सहायक लेखाकार** | उत्तर प्रदेश जल निगम (लेखा कार्मिक) सेवा विनियमावली-2020 यथासंशोधित के अनुसार सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलेण्डर वर्ष की, जिसमें सीधी भर्ती के लिए रिक्तियां प्रकाशित की जायें, पहली जुलाई को क्रमशः **21 वर्ष** की आयु प्राप्त कर ली हो और **40 वर्ष** से अधिक आयु प्राप्त न की होः<br>परन्तु यह कि अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़ा वर्ग (नान क्रीमी लेयर) और ऐसी अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाये, उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय। |

सूच्य है कि यह शुद्धि-पत्र आयोग के विज्ञापन संख्या-14-परीक्षा/2026, दिनांक 03-06-2026 के अनुक्रम में निर्गत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, चयन का आधार एवं विहित शर्तें व अनुदेश वहीं रहेगें, जो पूर्व में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत प्रकाशित किये गये हैं।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-14-परीक्षा/2026 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा/ आवेदन सबमिट करने/ शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि यथावत रहेंगी।

**ऐसे अभ्यर्थी जो प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष अपना आवेदन अंतिम रूप से सबमिट कर चुके हैं एवं इस शुद्धि-पत्र के माध्यम से विज्ञापित किये जा रहे पदों पर आवेदन हेतु अर्ह एवं इच्छुक हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने व शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उनके द्वारा पूर्व में सबमिट किये गये आवेदन पत्र में ही आवेदन में संशोधन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने आवेदन पत्र को संशोधित करते हुए इस शुद्धि-पत्र में उल्लिखित पदों के सापेक्ष अपना विकल्प एवं समस्त आवेदित पदों के सापेक्ष संशोधित वरीयता अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।**

**यदि इस शुद्धि-पत्र के निर्गमन के पूर्व आवेदन अंतिम रूप से सबमिट कर चुके किसी अभ्यर्थी द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार नवीन पदों हेतु विकल्प चयन एवं वरीयता का अंकन नहीं किया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी का विचारण उसके द्वारा पूर्व में आवेदित पदों तथा वरीयता के अनुसार ही किया जाएगा। आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि के उपरान्त इस शुद्धि-पत्र के माध्यम से विज्ञापित नवीन पदों व उनकी वरीयता के सम्बन्ध में कोई भी प्रत्यावेदन अथवा दावा भविष्य में स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।